रायगढ़ जिले में साइबर जागरूकता पखवाड़े का समापन: 3 लाख लोगों तक पुलिस की प्रत्यक्ष पहुंच

जिला मुख्यालय में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा और वित्त मंत्री ओपी चौधरी की उपस्थिति में हुआ था वृहद जागरूकता कार्यक्रम

- पखवाड़े में आईजीपी डॉ. संजीव शुक्ला ने किया 'जागरूक हो जाओ' सॉन्ग का विमोचन
- खरसिया में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम में करीब एक हजार लोगों को दिलाई गई साइबर सुरक्षा की शपथ
- साइबर अपराधों पर जागरूकता के लिए रायगढ़ पुलिस और प्रशासन के साथ हेल्पिंग हैंड की संयुक्त पहल
- रायगढ़ पुलिस की अनवरत जागरूकता मुहिम "Cyber_subah", पुलिस जनचौपाल, चलित थाना रहेगी जारी
- साइबर अपराधों से बचने सामुदायिक सहभागिता की अपील

रायगढ़

पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर के निर्देशन पर 5 अक्टूबर से प्रदेश के सभी जिलों में साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। रायगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर रायगढ़ पुलिस तथा हेल्पिंग हैंड व अन्य सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय एवं तहसीलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किये गए। इस पखवाडे का समापन आज जिला मुख्यालय के कमला नेहरू पार्क में आयोजित कार्यक्रम में किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह के साथ हेल्पिंग हैंड्स के प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, विन्नी सलूजा, रामनिवास मोड़ा, आशा बेरीवाल, अंजू बंसल मंचस रहे।

एडिशनल एसपी करियारे ने अपने उद्बोधन में पखवाड़ा का अंतिम दिन बताये किन्तु जागरूकता क्रम को अनवरत जारी रखना बताया गया। एडिशनल एसपी ने वर्तमान समय हो रहे समसमायिक साइबर अपराधों की जानकारी देकर जागरूक रहने और लोगों को जागरूक करने की अपील की, रामगोपाल करियारे ने जागरूकता पखवाड़े में सहयोगी रहे सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, साइबर वॉलंटियर्स को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और रायगढ़ के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ निरंतर सहयोग के लिए सभी का आभार प्रकट किये। हेल्पिंग हैंड के प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने समापन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए रायगढ़ पुलिस का जन जन को जागरूक करने के लिए विशेष तौर पर साइबर सेल पुलिस टीम के हर सदस्यों की मेहनत की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

पूरे पखवाड़े में साथ देने वाली हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, प्रदेश संरक्षक मनोज गोयल , प्रदेश कार्यकारणी बिन्नी सलूजा , निलेश अग्रवाल , राहुल डनसेना , साहिल शर्मा , अम्बर अग्रवाल , अविचल अग्रवाल , हिमांशु अग्रवाल , रायगढ़ कार्यकारणी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल , दिव्य ऊर्जा लायंस क्लब अध्यक्ष अंजू बंसल , अनीता कपूर , लायंस क्लब रायगढ़ सिटी अध्यक्ष रामनिवास मोड़ा , लायंस क्लब प्राइड अध्यक्ष आशा बेरीवाल , दिव्य शक्ति कविता बेरीवाल, उम्मीद स्कूल फाउंडेशन के चन्द्रकांत पंजाबी, गौ रक्षा वाहिनी की पूनम, वी क्लब स्माइल तथा अन्य सभी सहयोगी संस्थाएं के सदस्यगण एवं डिजी रील्स एंड फिल्म्स प्रोडक्शन की पूरी टीम के साथ साइबर सेल के स्टाफ, मीडिया साथी उपस्थित रहे।

साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा (05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024)

विदित हो कि 05 अक्टूबर को पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा जिले में पखवाड़े का शुभारंभ ऑटो रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय द्वारा हेल्पिंग हैंड क्लब फाउंडेशन के संरक्षक एवं प्रदेश पदाधिकारी व जिले के सक्रिय समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी की मीटिंग आयोजित कर इस जग में जागरूकता पखवाड़ा को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। विदित हो कि 03 अक्टूबर से शरदीय नवरात्र हुआ जिला पुलिस ने शहर के सभी भीड़भाड़ वाले दुर्गा पंडाल, गरबा स्थलों, चौंक-चौराहों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साइबर डीएसपी अभिनव द्वारा अपनी टीम व एनजीओ के साइबर वॉलिंटयरर्स के साथ शासकीय संस्थान कलेक्ट्रेट रायगढ़ तथा गैर शासकीय संस्थानों, स्कूल, कॉलेजों में भी धुआंधार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को वर्तमान में घटित हो रहे साइबर फ्रॉड शेयर मार्किंग, सेक्सटॉर्शन, डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराधों से जागरूक किया गया।

इसी क्रम में 07 अक्टूबर को कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल की अध्यक्षता में खरसिया तहसील में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 1000 से अधिक लोगों को साइबर अपराधों से जागरूक किया गया और साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

जागरूकता पखवाड़े में 10 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि ओपी चौधरी वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन की गरिमामयी उपस्थिति में रायगढ़ ऑडिटोरियम में वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें करीब 2000 लोगों को साइबर अपराध व जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

इस पखवाडे में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, रेडियो के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक जागरूकता फैलाने का कार्य में लगी रही। इसी कड़ी में 12 अक्टूबर को आकाशवाणी रायगढ़ से डीएसपी अभिनव ने रेडियो के करीब 50000 श्रोताओं को साइबर अपराधों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी ।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल की अभिनव पहल #Cyber_subah अनवरत जारी है जिसमें प्रतिदिन जिला पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर सक्रिय-मीडियाकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता, औद्योगिक संस्थानों के प्रमुख, शिक्षक, डॉक्टर, नर्स, स्टूडेंट्स, सोशल मीडिया इंफ्युलेंशर की व्हाटसअप ग्रुप बनाकर प्रतिदिन एक साथ 50,000 लोगों तक साइबर जागरूकता के पोस्टर, रीलर्स शेयर किये जा रहे हैं। साथ ही रायगढ़ पुलिस अपने सभी ऑफिशल फेसबुक इंस्टाग्राम, X, व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से भी साइबर अपराधों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

साइबर जन जागरूकता पखवाड़े में 14 अक्टूबर को ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी पूंजीपथरा के ऑडिटोरियम में पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा साइबर जागरूकता पर आधारित "जागरूक हो जाओ" सॉन्ग का विमोचन किया गया। इस सॉन्ग को जनप्रतिनिधियों, ब्यूरोक्रेट्स, कला व साहित्य से जुड़े लोगों ने काफी सराहा, दो दिनों में ही इस सॉन्ग को एक लाख अधिक व्यू मिले जो निरंतर बढ़ता जा रहा है। 15 दिनों के इस साइबर जन जागरूकता पखवाडा में 27 से अधिक विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें जिला पुलिस ने करीब 3 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक करने का प्रयास किया गया। रायगढ़ पुलिस आगे भी #Cyber_subah, पुलिस जनचौपाल, चलित थान, साइबर चेतना जैसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जिलेवासियों को जागरूक करने का कार्य जारी रखेगी।

महत्वपूर्ण एवं खास

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक 18 नवम्बर को

रायगढ़। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के आदेशानुसार सामान्य सभा में जिला प्रबंध समिति सदस्य के लिए निर्वाचन किया जाना है। जिसके संबंध में 18 नवम्बर 2024 को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में बैठक आयोजित होगी। सचिव/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, रायगढ़ द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ के समस्त संरक्षक, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को उक्त बैठक में अवश्य रूप से उपस्थित होने हेतु कहा गया है।

ग्राम लमना के पास टार्च की रोशनी से बिदके हाथियों ने वन कर्मियों को दौड़ाया

कोरबा (अरएनएस)। कटघोरा वनमंडल के ग्राम लमना के पास हाथियों का दल आराम कर रहा था। इसी दौरान वन विभाग के कर्मियों ने जानकारी लेने के लिए टार्च की रोशनी मारी गई जिससे हाथियों की नींद खुल गई। गुस्साए हाथियों ने वनकर्मियों को दौड़ा दिया। किसी तरह कर्मियों को भागकर जान बचानी पड़ी। कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में 60 हाथियों का दल दो अलग-अलग जगहों में विचरण कर रहा हैं। लमना से निकल कर 49 हाथी परला पहुंच गए हैं।

आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले 7 ट्रक चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। आमानाका थाना पुलिस ने आम रोड पर ट्रक खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले 7 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले ट्रक क्रमांक एमएच 16 सीडी 4949 के चालक संभाजी भास्कर 42 वर्ष, ट्रक एमएच 15 एफजी 2927 के चालक शेख सलीम 55 वर्ष, ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएन 8277 के चालक पप्पु पासवान 23 वर्ष, ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएफ 9590 के चालक बलविंदर सिंह 29 वर्ष, ट्रक क्रमांक एनएच 01 एएफ 4423 के चालक फेकूल खान 22 वर्ष, ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 5909 के चालक संजय कुमार 32 वर्ष व ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीजे 9592 के चालक सोनू कुमार 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग में तबादला

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के महिला एवं बाल विकास विभाग में तबादले हुए है। इस संबंध में विधिवत आदेश जारी कर दिया गया है। जारी सूची के मुताबिक़ तीन जिले कांकेर, कोरिया और सरगुजा में नए जिला कार्यक्रम अधिकारीयों को तैनात किया गया हैं।

पुलिस ने 66 मवेशियों को तस्करों से कराया मुक्त : 7 तस्करों को गिरफ्तार कर पशुक्रूरता के अपराध में भेजा जेल, कृषक मवेशियों की तस्करी पर धरमजयगढ़ पुलिस की कार्यवाई

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशानुसार कृषक मवेशियों की तस्करी एवं क्रूरता पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारीगण सूचनातंत्र को सक्रिय कर तस्करों पर नजर रहे हैं। इसी क्रम में, 17-18 अक्टूबर की रात थाना प्रभारी धरमजयगढ़, निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर को मोबाइल पर सूचना मिली कि कुछ मवेशी तस्कर भूखे-प्यासे कृषक मवेशियों को पैदल मारते-पीटते हुए ग्राम बोरो के जंगल से झारखंड की ओर ले जा रहे हैं।

सूचना मिलने पर एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ और उनके स्टाफ ने तस्करों की पहचान करते हुए बोरो जंगल में घेराबंदी की। इस दौरान, 07 मवेशी तस्करों को पकड़ लिया गया। मौके पर सूचनाकर्ता गुरूचरण सिह राजपूत वार्ड नं. 08 पतरापारा धरमजयगढ़ और गवाह मौजूद थे, जिनके समक्ष आरोपियों के कब्जे से कुल 66 नग कृषक मवेशियों को बरामद किया गया। इन मवेशियों की विधिवत जप्ती कर पशु चिकित्सक से उपचार कराया गया।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम :

1. महादेव राठिया, पिता धीरसिंह राठिया, 50 वर्ष
2. बाबूलाल राठिया, पिता मोहितराम राठिया, 51 वर्ष
3. अमर सिंह राठिया, पिता बालम सिंह राठिया, 51 वर्ष
4. धनराज राठिया, पिता मानसिंह राठिया, 53 वर्ष
5. शोभाराम राठिया, पिता सुनाराम राठिया, 55 वर्ष (सभी का स्थायी निवास: करतला, थाना करतला, जिला कोरबा)
6. जगेश्वर राठिया, पिता बुधराम राठिया, 50 वर्ष
7. चमरूराम राठिया, पिता गंगा राम राठिया, 60 वर्ष (साकिनान: भोजपुर, थाना कापू, जिला रायगढ़, छ.ग.)

इन सभी के खिलाफ. थाना धरमजयगढ़ में अपराध क्रमांक 245/2024, धारा 4, 6, 10 छ.ग. पशु संरक्षण अधिनियम तथा 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया है।

आईईडी ब्लास्ट में दो जवान शहीद दो घायल

रायपुर । आरएनएस

शनिवार को माओवादियों द्वारा नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में किये गये आईईडी ब्लास्ट में घायल हुए चार जवानों में से दो जवान शहीद हो गये है वहीं घायल दो जवानों का उपचार चल जारी है। जिनकी स्थिति सामन्य बताई जा रही है।

बता दें कि अबूझमाड़ के मोहंदी जंगल में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर जवानों की एक टीम सर्चिंग के लिए निकली थी। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने अबूझमाड़ क्षेत्र के मोहंदी के जंगलों में आईईडी ब्लास्ट किया था। इसके चपेट में आने से 4 जवान घायल हो गए थे। जिनमें से दो जवानों की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है वहीं दो जवानों का उपचार जारी है। इनमें आईटीबीपी 53 बटालियन के जवान महाराष्ट्र के अमर पनवार और आंध्रप्रदेश के जवान के राजेश शहीद हो गए हैं। वहीं अन्य दो घायल जवानों की स्थिति अभी सामान्य बताई जा रही है।

शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल, कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाई

रायगढ़

अक्टूबर को थाना कोतवाली में मूलतः जिला जांजगीर-चांपा की रहने वाली एक युवती द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें लक्ष्मीपुर, रायगढ़ के निवासी सम अजीत महंत पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में शादी से इंकार करने के साथ मारपीट का आरोप लगाया गया है।

थाना प्रभारी कोतवाली, निरीक्षक सुखनंदन पटेल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता के आवेदन पर उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। महिला प्रधान आरक्षक बसंती खुंटे को पीड़िता का विस्तृत बयान लेने और मामले की विवेचना करने का निर्देश दिया गया।

पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि वह नवंबर 2021 में रायगढ़ में पढ़ाई के लिए आई थी। इस दौरान उसकी मुलाकात लक्ष्मीपुर के निवासी सम अजीत महंत से हुई। 20 जनवरी 2022 को आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसे युवती के किराए के मकान में शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। इसके बाद भी आरोपी ने शादी का वादा करके पीड़िता का शारीरिक शोषण जारी रखा।

इस बीच, कई बार झगड़े और मारपीट के बाद, पीड़िता ने परेशान होकर अपना किराया मकान बदल लिया। पिछले तीन महीनों से आरोपी सम अजीत महंत शादी को लेकर बहाने बनाता रहा और 17 अक्टूबर 2024 की शाम को, जब पीड़िता घर के पास टहल रही थी, तब सम अजीत महंत ने आकर उससे मारपीट की और शादी करने से साफ इंकार कर दिया।

पीड़िता की शिकायत पर, आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 629/2024, धारा 115(2), 69, 89 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। कोतवाली पुलिस की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी सम अजीत महंत (पिता: मुन्ना दास, उम्र: 29 वर्ष, निवासी: लक्ष्मीपुर, थाना कोतवाली, रायगढ़) को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षक थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल, एएसआई गौतम ठाकुर, हेड कांस्टेबल बसंती खुंटे, कांस्टेबल कमलेश यादव, रोशन एक्का और मनोज पटनायक की अहम भूमिका रही।

आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 453 लोग हुए लाभान्वित

- ऋतु अनुसार आहार विहार, दिनचर्या, परहेज के बारे में दी गई जानकारी
- स्वस्थ जीवन शैली हेतु योगासन के संबंध में किया गया पाम्पलेट का वितरण

रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में ग्राम-बुनगा के विभिन्न स्कूलों में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आस-पास के क्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करना तथा आयुर्वेद से सभी प्रकार की बीमारियों का निदान एवं उपचार करना था। आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में लगभग 453 लोग लाभान्वित हुए।

शासकीय आयुर्वेद औषधालय बुनगा के प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एमएस डॉ.अजय नायक के द्वारा शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आयुर्वेद संबंधित मूलभूत जानकारी से अवगत कराया। आसपास के क्षेत्र परसापाली, रनभाटा, छिछोर उमरिया, बारडोली, बोंदा में स्वास्थ्य शिविर लगाकर औषधि उपलब्ध किया गया। साथ ही ऋतु अनुसार आहार विहार, दिनचर्या, परहेज के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में ज्यादातर वात रोग, उदर रोग, ज्वर, कास, प्रतिश्याय, चर्म रोग, दौरबल्या, उच्च रक्तचाप इत्यादि के मरीज पाए गए। आयोजित शिविर के दिन साप्ताहिक बाजार होने पर ज्यादातर अंचल के ग्रामीण आयुर्वेद चिकित्सा हेतु बुनगा आकर स्वास्थ्य लाभ लिए। बुनगा में जीवन शैली में बदलाव हेतु सत्र, मितानिन प्रशिक्षण, नियमित योगाभ्यास सत्र, बीपी जाँच, सियान जतन क्लीनिक, औषधालय के हर्बल गार्डन में जड़ी बूटियों की पहचान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। जागरूकता हेतु उच्च रक्त चाप से बचाव, मधुमेह से बचाव, स्वस्थ्य जीवन शैली, योगासन, जरा रोग, वात रोग इत्यादि की जानकारी के संबंध में पंपलेट वितरण किया गया। इस दौरान भोज कुमार मालाकार फार्मासिस्ट, राजेश साव, दुलामणि रजक योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

रेलवे संपत्ति चुराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों से 45 मीटर तांबा तार, 10 किलोग्राम तांबा और नकदी बरामद

- गिरफ्तारी से 2 बड़ी चोरियों का किया खुलासा
- घरघोड़ा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर संपत्ति संबंधी अपराधों में सक्रियता से काम करते हुए घरघोड़ा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांक 19.10.2024 को प्रार्थी असरफ अंसारी (24 वर्ष, निवासी ग्राम पीपरा मदन गोपाल, तह. देवरिया, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश) ने घरघोड़ा थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि दिनांक 16.10.2024 को 2:40 बजे नवापारा टेण्डा स्टोर से किसी अज्ञात चोर ने 20 मीटर कैटनरी तार, जिसकी कीमत 10,000 रुपये है, चोरी कर ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 299/2024, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान निरीक्षक अमित तिवारी, थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा सक्रिय किये गये मुखबीरों से जानकारी ली गई और तत्काल संदेही राज कुमार राठिया, छमेश राठिया और गार्ड सुखसागर दास को हिरासत में लिया गया। बारीकी से पूछताछ करने पर आरोपियों ने नवापारा टेण्डा स्थित रेलवे स्टोर रूम से तांबा तार और अन्य रेलवे सामान चोरी करने की बात कबूल की।

आरोपित राज कुमार राठिया ने अपने मेमोरंडम कथन में बताया कि उसने 7.5 किलोग्राम तांबा तार, जिसकी कीमत 6,000 रुपये है, चोरी कर अपने घर में छिपा रखा था। छमेश राठिया ने 4.5 किलोग्राम तांबा तार (कीमत 4,000 रुपये) चोरी कर छिपाने की बात मानी, जबकि सुखसागर दास ने चोरी में इस्तेमाल लोहे का टांगी अपने स्टोर रूम में छिपाकर रखा था। इन सभी सामग्रियों को गवाहों के समक्ष बरामद किया गया।

आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह भी सामने आया कि उन्होंने 6-7 महीने पहले घरघोड़ा से भालूमुड़ा जाने वाली रेलवे लाइन से तांबा तार और अन्य लोहे के सामान चोरी किए थे, जिसमें से कुछ सामान को फेरी कबाड़ी वालों को बेच दिया था। इस संबंध में दिनांक 29.04.2024 को प्रार्थी मनोज तंगराज (32 वर्ष, निवासी छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड) ने घरघोड़ा से भालूमुड़ा के बीच रेलवे लाइन पोल से 12,000 रुपये मूल्य का रेलवे सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर अपराध क्रमांक 162/2024, धारा 379 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था।

इस प्रकरण में घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी राज कुमार राठिया से 20 मीटर तांबा तार (कीमत 2,000 रुपये), छमेश राठिया से 25 मीटर तांबा तार (कीमत 2,200 रुपये) और गार्ड सुखसागर दास से 500 रुपये नगद बरामद किए हैं। आरोपियों को दोनों अपराधों में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी घरघोड़ा, निरीक्षक अमित तिवारी, हेड कांस्टेबल अवध बिहारी विश्वकर्मा, कांस्टेबल हरीश पटेल, प्रहलाद भगत और हमराह स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

गिरफ्तार आरोपी:

1. राज कुमार राठिया (27 वर्ष), पिता स्व. तीजराम राठिया, निवासी नवापारा टेण्डा, थाना घरघोड़ा
2. छमेश राठिया (24 वर्ष), पिता आनंद कुमार राठिया, निवासी नवापारा टेण्डा, थाना घरघोड़ा
3. सुखसागर दास (50 वर्ष), पिता स्व. नोहर दास महंत, निवासी ग्राम चितापाली, थाना छाल, जिला रायगढ़

बरामद सामग्री:

- 10 किलोग्राम तांबा (कीमत 10,000 रुपये) - 45 मीटर तांबा तार (कीमत 4,200 रुपये)
- 500 रुपये नगद

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480